<u>आकाशवाणी गोरखपुर</u>
<u>प्रादेशिक समाचार</u>

<u>दिनांक–**24 मई** 2026</u> **7:20 AM**

पहले मुख्य समाचार।

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वीडियो कॉन्फ्रेसिंग के जरिए रोजगार मेले में लिया हिस्सा। कहा– देश के युवाओं को रोजगार और वैश्विक अनुभव दिलाने के लिये भारत विश्व के कई देशों के साथ कर रहा साझेदारी।
- राजधानी लखनऊ में केंद्रीय राज्य मंत्री बीएल वर्मा और वाराणसी में केंद्रीय़ राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल हुईं रोजगार मेले में शामिल। आगरा में केंद्रीय राज्य मंत्री एस पी सिंह बघेल ने जताया प्रधानमंत्री का आभार।
- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ में की श्रम और सेवायोजन विभाग की समीक्षा बैठक। नए प्रावधानों के साथ सभी पचहत्तर जनपदों में बाल श्रमिक विद्या योजना लागू करने के दिए निर्देश।
- लखनऊ के इकाना स्टेडियम में कल खेले गये आईपीएल मुकाबले में पंजाब किंग्स ने लखनऊ सुपर जायंट्स को सात विकेट से हराया।

**********

राजधानी लखनऊ, वाराणसी और आगरा सहित देश के सैंतालीस अलग–अलग स्थानों पर कल रोजगार मेले का आयोजन किया गया। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये मेले का उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने किया। इस अवसर पर अपने सम्बोधन में उन्होंने कहा कि सरकारी नौकरियाँ नागरिकों के जीवन को बेहतर और आसान बनाने का महत्वपूर्ण माध्यम है। श्री मोदी ने कहा कि पूरी दुनिया भारत की विकास यात्रा का हिस्सा बनने के लिए उत्सुक है।

***दुनिया भारत के युवाओं और भारत की टैक्नोलॉजिकल प्रोग्रेस को लेकर बहुत उत्साहित है। आज दुनिया भारत की विकास यात्रा का हिस्सा बनना चाहती है। भारत भी दुनिया के अलग–अलग देशों के साथ पार्टनरशिप कर रहा है। इसका उद्देश्य यही है कि भारत के युवाओं को अवसर मिले, रोजगार मिले, उनका सामर्थ्य खिल उठे। साथ–साथ मैं चाहता हूं मेरे देश के नौजवानों को ग्लोबल एक्सपोजर भी मिले।***

प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत विश्व के कई देशों के साथ साझेदारी भी कर रहा है, जिसका मकसद देश के युवाओं को अवसर, रोज़गार और वैश्विक अनुभव दिलाना है। उन्होंने कहा कि देश अब पूरी दुनिया का एक भरोसेमंद सप्लाई चेन पार्टनर बनता जा रहा है।

प्रधानमंत्री ने बताया कि युवाओं के लिए रोज़गार के नए–नए अवसर पैदा किए जा रहे हैं। लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम में केंद्रीय राज्य मंत्री बीएल वर्मा ने कहा कि पूरी पारदर्शिता के साथ नियुक्ति की प्रक्रिया संपन्न की जा रही है।

***लखनऊ में 330 अभ्यर्थियों के लिए नियुक्ति पत्र हमने दिए हैं और मैं कह सकता हूं यह माननीय प्रधानमंत्री के नेतृत्व में 12 लाख से भी ज्यादा लोगों के लिए पारदर्शी तरीके से नियुक्तियां करके इस तरह से महिला के माध्यम से नियुक्ति पत्र देने का काम होता है।***

वाराणसी के बरेका परिसर में भी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में केंद्रीय राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुईं। इस दौरान तीन सौ इकतालीस अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र वितरित किए गए। उन्होंने कहा कि सरकारी नौकरी युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने के साथ ही राष्ट्रसेवा का अवसर भी प्रदान करती है।

***अपने काम को खुद एनालाइज करिए, खुद उसका विश्लेषण करिए। यह काम मैंने किया, मैं इससे 100: सेटिस्फाइड हूं या और किसी तरीके से किया जा सकता है और बेहतर ढंग से किया जा सकता है और हर काम में इंप्रूवमेंट का हमेशा स्कोप होता है और एक दिन में बहुत लंबी लंबी छलांग मारनी है ऐसा भी मत सोचिए। टेक स्मॉल स्टेप्स दैट इज रोल। छोटे–छोटे स्टेप्स लीजिए अपने लिए हमेशा जीवन में आप।***

आगरा में रोजगार मेले का शुभारम्भ केंद्रीय राज्यमंत्री प्रोफ़ेसर एसपी सिंह बघेल ने किया। श्री बघेल ने रोजगार मेले के लिए प्रधानमंत्री का आभार व्यक्त किया।

***मैं प्रधानमंत्री जी को धन्यवाद देना चाहूंगा कि देश को जो उन्होंने सरकारी नौकरियों के रोजगार के लिए वादा किया था, वह पूरा हुआ है। इसके अलावा भी जैसा उन्होंने अपने वक्तव्य कहा तमाम स्टार्टअप के माध्यम से अन्य माध्यम से भी रोजगार दिए जा रहे हैं।***

रोजगार मेले में सरकार के अलग–अलग विभागों और संगठनों में चयनित 51 हज़ार से भी ज्यादा युवाओं को नियुक्ति पत्र बांटे गए।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल लखनऊ में श्रम एवं सेवायोजन विभाग की विभिन्न योजनाओं और कार्यक्रमों की समीक्षा बैठक की। इस अवसर पर उन्होंने वर्तमान में बीस जिलों में बाल श्रमिक विद्या योजना की चर्चा करते हुए इसे नए प्रावधानों के साथ प्रदेश के सभी पचहत्तर जनपदों में लागू करने के निर्देश दिए। एक रिपोर्ट–

*मुख्यमंत्री ने कहा कि श्रमिक केवल उत्पादन प्रक्रिया का हिस्सा नहीं, बल्कि राज्य की अर्थव्यवस्था और प्रगति की सबसे बड़ी शक्ति हैं। सरकार की प्राथमिकता है कि श्रमिकों, युवाओं और कमजोर वर्गों को सम्मानजनक जीवन, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, सुरक्षित कार्य वातावरण और बेहतर रोजगार अवसर उपलब्ध हों। मुख्यमंत्री ने 'सेवामित्र व्यवस्था' को रोजगार और जनसुविधा का अभिनव मॉडल बताते हुए कहा कि तकनीक आधारित ऐसी व्यवस्थाएं युवाओं और कुशल कामगारों के लिए नए अवसर तैयार करती हैं। मुख्यमंत्री ने निर्माण श्रमिकों के लिए सभी औद्योगिक शहरों में प्रस्तावित श्रमिक सुविधा केंद्रों यानी 'लेबर अड्डों' को व्यवस्थित रूप से विकसित करने के निर्देश दिए। समाचार कक्ष से राघवेन्द्र त्रिपाठी।*

**********

प्रदेश के लगभग सभी जिलों में इन दिनों भीषण गर्मी पड़ रही है, जिसके चलते लोगों का जीवन प्रभावित हो रहा है। अधिकांश जिलों में अधिकतम तापमान चालीस डिग्री सेल्सियस से अधिक रिकॉर्ड किया जा रहा है। बांदा प्रदेश का सबसे ज्यादा तापमान वाला जिला बना हुआ है। बाँदा के अपर जिलाधिकारी कुमार धर्मेन्द्र ने बताया कि प्रशासन की ओर से गर्मी से बचाव के लिए व्यापक इंतजाम किए गए हैं।

***बांदा में जैसा कि टेंपरेचर लगातार उसी स्थिति में बना हुआ है तो इसको ध्यान में रखते हुए प्रशासन नित नए प्रयोग रोजाना कर रहा है। अभी तक हम लोग सब विभागों को उनकी क्या जिम्मेदारी है, क्या उनके कार्य हैं, वह उन्हें करने के लिए निर्देशित कर रहे थे।***

उधर, अयोध्या में कल तेज आंधी के साथ हुई बारिश के बाद लोगों को गर्मी से राहत मिली। इस बीच मौसम विभाग ने प्रदेश के पश्चिमी हिस्सों में कुछ जगहों पर बारिश की संभावना जताई है। वहीं पूर्वी उत्तर प्रदेश में अगले तीन दिनों के लिए लू की चेतावनी जारी की गई है।

**********

दो पैन कार्ड मामले में रामपुर में एमपी–एमएलए सेशन कोर्ट ने कल सपा नेता आजम खां और अब्दुल्ला आजम की सजा बढ़ाने की अपील पर फैसला सुनाया। कोर्ट ने आजम खां की सात साल की सजा को बढ़ाकर अब दस साल कर दिया है। वहीं, उनके बेटे अब्दुल्ला आजम की सात साल की सजा बरकरार रखी गयी है, लेकिन उनके जुर्माने की रकम को बढ़ाया गया है।

**********

महोबा जिले में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के खिलाफ कथित अमर्यादित टिप्पणी के मामले में कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गयी है। भाजपा जिला कार्य समिति के सदस्य नीरज रावत की ओर से दर्ज कराये गये मुकदमे में प्रदेश अध्यक्ष के अलावा निवर्तमान प्रदेश सचिव ब्रजराज सिंह और तीस अज्ञात समर्थक भी शामिल हैं।

**********

पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कल फिर वृद्धि की गयी। पिछले 10 दिन में तेल के मूल्यों में तीसरी बार वृद्धि हुई है। प्रदेश में प्रति लीटर पेट्रोल की कीमतों में करीब छियासी पैसे और डीजल में करीब इक्यानबे पैसे की बढ़ोत्तरी हुयी है।

**********

उत्तर प्रदेश मदरसा शिक्षा परिषद, लखनऊ द्वारा संचालित मुंशी–मौलवी सेकेंडरी तथा आलिम–सीनियर सेकेंडरी बोर्ड परीक्षा वर्ष–2026 का परिणाम कल घोषित किया गया। इस वर्ष मदरसा बोर्ड परीक्षा का कुल परिणाम 88 दशमलव दो छह प्रतिशत रहा। परिणाम में छात्राओं का प्रदर्शन छात्रों से बेहतर रहा।

**********

आईपीएल मुकाबले में कल लखनऊ के भारतरत्न श्री अटल बिहारी वाजपेयी इकाना स्टेडियम में लखनऊ सुपर जायंट्स और पंजाब किंग्स के बीच मैच खेला गया। इस मैच को पंजाब ने कप्तान श्रेयस अय्यर की शतकीय पारी के बल पर सात विकेट से जीत लिया। पंजाब की टीम ने टॉस जीतकर लखनऊ की टीम को पहले बैटिंग के लिये आमंत्रित किया। लखनऊ की टीम ने बीस ओवर में छः विकेट खो कर एक सौ छियानबे रन बनाये और पंजाब को जीत के लिये एक सौ सत्तानबे रन का लक्ष्य दिया, जिसे उसने अट्ठारह ओवर में तीन विकेट खो कर प्राप्त कर लिया। इस हार के साथ आईपीएल के इस सीजन में लखनऊ सुपर जायंट्स का सफर समाप्त हो गया।

**********